# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक– 29.04.2025

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा गौकशी के अभियोग में वांछित तथा मफरूर व 15000/– का इनामी 01 शातिर गौकश अभियुक्त दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.04.2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश कुमार थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 155/2025 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट व 11घ पशु क्रुरता अधिनियम में वांछित तथा मु0अ0सं0 391/16 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम में मफरूर व 15000/– का इनामी अभियुक्त गुफरान पुत्र कासिम उर्फ पप्पू कुरैशी निवासी कस्बा व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ गंगनहर पटरी पर बर्फ खाने वाले रास्ते के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 16/2025 धारा 109 बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ टयूबवैल से विधुत उपकरण, तार व ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले अन्तर्जजनदीय गिरोह के 04 अभियुक्त घायल सहित कुल 12 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.04.2025 की रात्रि को प्रभारी निरीक्षक श्री सुभाष बाबू अत्री थाना मंसूरपुर मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. सोम उर्फ सोमपाल पुत्र रणजीत निवासी ग्राम वहलना, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर (घायल) (मु0अ0सं0 103/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम में वांछित व 10,000/– का ईनामी), 2. रविन्द पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम मदारपुरा, थाना सरधना, जनपद मेरठ (घायल)(मु0अ0सं0 103/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम मे वांछित व 10,000/– का ईनामी), 3. विकास पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम मदारपुरा, थाना सरधना, जनपद मेरठ (घायल), 4. सलीम पुत्र इकरामुद्दीन उर्फ मुकामुद्दीन निवासी मौहल्ला इकराम नगर, थाना लोनी, जनपद गाजियाबाद(घायल), 5. सलमान उर्फ काला पुत्र इरफान निवासी ग्राम मदारपुरा, थाना सरधना, जनपद मेरठ, 6. इरफान पुत्र अख्तर निवासी ग्राम किला परीक्षितगढ पट्टी, थाना परीक्षितगढ, जनपद मेरठ,7. रोहित पुत्र बबलू निवासी ग्राम संधावली, थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर, 8. नीरज पुत्र राजवीर निवासी ग्राम फुगाना, थाना फुगाना, जनपद मुजफ्फरनगर 9. समीर पुत्र बफाती निवासी मौ0 सान्दार गार्डन लिसाडी गेट, जनपद मेरठ, 10. राहुल पुत्र सुरेन्द्र उर्फ सहेन्द्र निवासी ग्राम मदारपुरा, थाना सरधना, जनपद मेरठ, 11. अरविन्द पुत्र पवन निवासी ग्राम मदारपुरा, थाना सरधना, जनपद मेरठ व 12. महताब उर्फ बटला पुत्र इलियास निवासी मौहल्ला लोनी कंचन पार्क, थाना लोनी, जनपद गाजियाबाद को दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 04 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जिन्दा व 04 खोका कारतूस 315 बोर, 08 अवैध चाकू, 01 कैन्टर (चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त), लगभग 300 कि0ग्रा0 तांबे का तार, लगभग 700 कि0ग्रा0 विद्युत लाईन का तार, ट्रान्सफार्मर के अन्दर की पत्तीयां, लोहा काटने की आरी, तार कटर व चोरी करने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 133/2025 धारा 109,317(5) बीएनएस व 3/4/25/28 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.04.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री केप्रसाद मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त ताहिर पुत्र कासिम निवासी ग्राम व थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को किसान इन्टर कालेज के पास यात्री शेड ककरौली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस मु0अ0सं0 64/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.04.2025 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 150/2025 धारा 303(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त आसिफ उर्फ बब्लू पुत्र अनीस निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को ग्राम बसी कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 28.04.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 87/2025 धारा 137(2),64(1),115(2) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त जुम्मन उर्फ शाहनबाज पुत्र बुन्दू निवासी मौ0 तीरगरान कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को हैबतपुर बस अडडे के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 29.04.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2286/9/21 धारा 138 एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्त विजय शंकर पुत्र सतयस्वरूप निवासी भरतिया कालोनी थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 29.04.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 209/2025 धारा 109,118(1),115(2),352,351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. मनजिन्दर उर्फ लक्की पुत्र सरजीत निवासी कासमपुर थाना भोपा, मुजफ्फरनगर व 2. राजू पुत्र धर्मेन्द्र निवासी भण्डूर थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर को गैमक्सीन फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 सफेद धातु का किनारीदार कड़ा बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।